# भौतिक विज्ञान

# PHYSICS

1. 100 : 1 तीव्रता अनुपात वाले दो कलासम्बद्ध स्रोत व्यतिकरण करते हैं । उच्चतम एवम् न्यूनतम तीव्रता में अनुपात है

(A) 100 : 1 (B) 10 : 1

(C) 11 : 9 (D) 121 : 81

2. एक उपग्रह की कक्षा का अर्धव्यास, एक भूस्थिर उपग्रह की कक्षा के अर्धव्यास का 16 गुना है । उपग्रह का आवर्तकाल होगा

(A) 4 दिन (B) 16 दिन

(C) 64 दिन (D) 96 दिन

3. निम्नलिखित में से कौन पथ पर निर्भर करता है ?

(A) U (B) PdV

(C) P (D) V

जहाँ U = आन्तरिक ऊर्जा

P = दाब

V = आयतन

4. एक सरल आवर्तगति करने वाले कण की स्थितिज ऊर्जा होती है

(A) U(x) = नियतांक

(B) $U(x) = Ae^{-bx}$

(C) $U(x) = \frac{1}{2}K(x-a)^2$

(D) $U(x) = K_1x + K_2x^2$

1. Two coherent sources of intensity ratio 100 : 1 interfere. The ratio of intensity between maxima and minima is

(A) 100 : 1 (B) 10 : 1

(C) 11 : 9 (D) 121 : 81

2. The radius of the orbit of a satellite is 16 times the radius of the orbit of a geo-stationary satellite. The period of the satellite is

(A) 4 days (B) 16 days

(C) 64 days (D) 96 days

3. Which of the following is path dependent ?

(A) U (B) PdV

(C) P (D) V

Where U = Internal Energy

P = Pressure

V = Volume

4. The potential energy U(x) of a particle executing S.H.M. is

(A) U(x) = constant

(B) $U(x) = Ae^{-bx}$

(C) $U(x) = \frac{1}{2}K(x-a)^2$

(D) $U(x) = K_1x + K_2x^2$



Scanned with CamScanner

5. पृथ्वी की धारिता कितनी है यदि इसको 6400 कि.मी. त्रिज्या का एक गोलीय चालक माना जाता है ?

(A) 711 माइक्रोफैरड

(B) 640 माइक्रोफैरड

(C) 900 माइक्रोफैरड

(D) 1406 फैरड

6. किसी सूक्ष्मदर्शी का संख्यात्मक द्वारक होता है

(A) $\mu/\sin i$ (B) $\mu \sin i$

(C) $\sin i/\mu$ (D) $\sin^{-1} i/\mu$

7. q कूलंम्ब के अनंत आवेश एक सीधी रेखा में क्रमश: 1 मी., 2 मी., 4 मी., 16 मी., 32 मी. .... दूरी पर रखे गये हैं । इन सभी आवेशों के कारण विभव होगा

(A) शून्य (B) $\frac{q}{4\pi \epsilon_0}$

(C) $\frac{q}{2\pi \epsilon_0}$ (D) $\frac{q}{8\pi \epsilon_0}$

8. पानी की आठ समान बूँदे हवा में से 5 सें.मी./से. की नियत वेग से गिर रही हैं । यदि ये बूँदे आपस में मिल जायें तो बूँद का नया सीमान्त वेग कितना होगा ?

(A) 5 सें.मी./सेकण्ड

(B) 10 सें.मी./सेकण्ड

(C) 20 सें.मी./सेकण्ड

(D) 40 सें.मी./सेकण्ड

9. ध्रुवण घूर्णन (ऑप्टिकल रोटेशन) मापने का उपकरण कहलाता है

(A) स्पेक्ट्रोमीटर

(B) सूक्ष्मदर्शी

(C) पोलारीमीटर

(D) इन्टरफेरोमीटर

5. What is the capacitance of the earth if it is assumed to be a spherical conductor of radius 6400 Km ?

(A) 711 $\mu$F

(B) 640 $\mu$F

(C) 900 $\mu$F

(D) 1406 F

6. The numerical aperture of a microscope is given by

(A) $\mu/\sin i$ (B) $\mu \sin i$

(C) $\sin i/\mu$ (D) $\sin^{-1} i/\mu$

7. Infinite equal charges q are placed along a line at distances 1 meter, 2 meter, 4 meter, 16 meter, 32 meter and so on. Potential due to all charges are

(A) Zero (B) $\frac{q}{4\pi \epsilon_0}$

(C) $\frac{q}{2\pi \epsilon_0}$ (D) $\frac{q}{8\pi \epsilon_0}$

8. Eight equal drops of water are falling through air with a steady velocity of 5 cm/sec. If the drops coalesce, what will be the new terminal velocity ?

(A) 5 cm/s

(B) 10 cm/s

(C) 20 cm/s

(D) 40 cm/s

9. The instrument used to measure optical rotation is known as

(A) spectrometer

(B) microscope

(C) polarimeter

(D) interferometer



Scanned with CamScanner

10. यदि दो सदिशों $\vec{P}$ तथा $\vec{Q}$ का परिणामी $\vec{R}$ इस प्रकार हो कि $R^2 = P^2 + Q^2$, सदिशों $\vec{P}$ तथा $\vec{Q}$ के मध्य कोण है

(A) शून्य (B) 45°
(C) 60° (D) 90°

11. सौर ऊर्जा का स्रोत है

(A) हाइड्रोजन का दहन
(B) नाभिकीय विखण्डन अभिक्रियाएँ
(C) नाभिकीय संलयन अभिक्रियाएँ
(D) अन्य सौर मण्डलों से प्राप्त विकिरित ऊर्जा

12. 0° से. पर 20 ग्राम बर्फ, 0° से. जल में पिघलती है। इस प्रक्रम में एन्ट्रॉपी परिवर्तन का मान होता है (जल की गुप्त ऊष्मा 80 कैली/ग्राम है)

(A) 24.5 जू./के. (B) 30.2 जू./के.
(C) 35.7 जू./के. (D) 49.2 जू./के.

13. एक द्विध्रुव से, θ कोण दिशा में, r दूरी पर एक बिन्दु पर, द्विध्रुव p के कारण विद्युत विभव होता है

(A) $\frac{1}{4\pi \epsilon_0} \frac{p\cos\theta}{r^2}$

(B) $\frac{1}{4\pi \epsilon_0} \frac{p}{r^3}$

(C) $\frac{1}{4\pi \epsilon_0} \frac{p\sin\theta}{r^2}$

(D) $\frac{1}{4\pi \epsilon_0} \frac{p\tan\theta}{r^2}$

10. If the resultant $\vec{R}$ of two vectors $\vec{P}$ and $\vec{Q}$ is such that $R^2 = P^2 + Q^2$, the angle between vector $\vec{P}$ and $\vec{Q}$ is

(A) zero (B) 45°
(C) 60° (D) 90°

11. The source of solar energy is

(A) burning of hydrogen
(B) nuclear fission reactions
(C) nuclear fusion reactions
(D) radiant energy received from other solar systems

12. 20 grams of ice at 0°C melts to water at 0°C. The entropy change in this process, is (Latent heat of water is 80 cal/gm)

(A) 24.5 J/°K (B) 30.2 J/°K
(C) 35.7 J/°K (D) 49.2 J/°K

13. The electric potential due to dipole p, at a point distant r from it and in the direction θ from the dipoles is

(A) $\frac{1}{4\pi \epsilon_0} \frac{p\cos\theta}{r^2}$

(B) $\frac{1}{4\pi \epsilon_0} \frac{p}{r^3}$

(C) $\frac{1}{4\pi \epsilon_0} \frac{p\sin\theta}{r^2}$

(D) $\frac{1}{4\pi \epsilon_0} \frac{p\tan\theta}{r^2}$



Scanned with CamScanner

14. किसी द्रव्यमान वितरण के कारण x दिशा में गुरुत्वीय क्षेत्र व्यंजक $E = kx^{-3/2}$ द्वारा दर्शाया गया है जहाँ k एक धनात्मक नियतांक है । अनन्त पर गुरुत्वीय विभव को शून्य लेते हुये, उसका मान x दूरी पर होगा

(A) $2k\sqrt{x}$ (B) $2k/\sqrt{x}$
(C) $2kx^3$ (D) $2k/x^3$

15. यदि अभिदृश्यक लेन्स की फोकस दूरी बढ़ाई जाये तो आवर्धन क्षमता

(A) सूक्ष्मदर्शी की बढ़ेगी तथा दूरदर्शी की घटेगी
(B) सूक्ष्मदर्शी तथा दूरदर्शी दोनों की बढ़ेगी
(C) सूक्ष्मदर्शी तथा दूरदर्शी दोनों की घटेगी
(D) सूक्ष्मदर्शी की घटेगी तथा दूरदर्शी की बढ़ेगी

16. एक रुद्धोष्म प्रक्रम को इस प्रकार भी जाना जाता है

(A) समतापीय (B) समदाबी
(C) समऐन्ट्रॉपीय (D) समआयतनिक

17. फाइबर आप्टिक्स ____________ के सिद्धांत पर कार्य करता है।

(A) स्नेल का नियम
(B) पूर्ण आंतरिक परावर्तन
(C) (A) तथा (B) दोनों
(D) जनसंख्या व्युत्क्रम

18. 1 मीटर लम्बी अनुनाद नली की आन्तरिक त्रिज्या 3 से.मी. है । 2000 हर्ट्ज आवृत्ति वाले स्वरित्र से प्रथम अनुनाद स्थिति 4.6 से.मी. पर है तथा द्वितीय अनुनाद स्थिति 14.0 से.मी. पर है । कमरे के ताप पर ध्वनि की चाल है

(A) 336 मी./से. (B) 376 मी./से.
(C) 332 मी./से. (D) 340 मी./से.

14. The gravitational field due to a mass distribution is given by $E = kx^{-3/2}$ in x-direction, where k is a positive constant. Taking gravitational potential to be zero at infinity, its value at a distance x is

(A) $2k\sqrt{x}$ (B) $2k/\sqrt{x}$
(C) $2kx^3$ (D) $2k/x^3$

15. If the focal length of objective lens is increased then magnifying power of

(A) microscope will increase but that of telescope decrease
(B) microscope and telescope both will increase
(C) microscope and telescope both will decrease
(D) microscope will decrease but that of telescope will increase

16. An adiabatic process is also known as

(A) isothermal (B) isobaric
(C) isoentropic (D) isochoric

17. Fibre optics works on the principle of

(A) Snell's law
(B) Total internal reflection
(C) (A) and (B) both
(D) Population inversion

18. The internal radius of a 1 m long resonance tube is 3 cm. With a tuning fork of frequency 2000 Hz, the first resonating position is 4.6 cm and the second resonating position is 14.0 cm. Speed of sound at the room temperature is

(A) 336 m/s (B) 376 m/s
(C) 332 m/s (D) 340 m/s



Scanned with CamScanner

19. ब्रूस्टर कोण पर आपतन के लिए, परावर्तित तथा अपवर्तित किरणों के मध्य कोण होता है

(A) 120° (B) 90°
(C) 70° (D) 60°

20. एक 240 वो. ए.सी. स्रोत की शिखर वोल्टता होती है

(A) 240 वो. (B) 300 वो.
(C) 340 वो. (D) 380 वो.

21. एण्डरसन सेतु का उपयोग ______ मापन के लिए किया जाता है।

(A) धारिता
(B) स्व-प्रेरकत्व
(C) प्रतिरोध
(D) ए सी आपूर्ति की आवृत्ति

22. $\frac{L}{2}$ लम्बाई, r अर्धव्यास के एक बेलन को जिसके पदार्थ का दृढ़ता गुणांक $\eta$ है, एक फेरा (चक्कर) पूरा ऐंठन करने हेतु आवश्यक मरोड़ी बलयुग्म होगा

(A) $\frac{2\pi^2\eta r^4}{L}$ (B) $\frac{\pi\eta r^4}{2L}$
(C) $\frac{\pi^2\eta r^4}{L}$ (D) $\frac{360\pi\eta r^4}{L}$

23. निम्न परिपथ में बिन्दु A व B के बीच यदि 100 वोल्ट का विभवांतर स्थापित करें तो A के निकटतम संधारित्र पर आवेश का मान होगा




(A) 100 μC (B) 300 μC
(C) 150 μC (D) 200 μC

19. For incidence at Brewster's angle, the angle between reflected and refracted rays, is

(A) 120° (B) 90°
(C) 70° (D) 60°

20. The peak voltage in a 240V A.C. source is

(A) 240 V (B) 300 V
(C) 340 V (D) 380 V

21. Anderson's Bridge is used for measurement of

(A) Capacitance
(B) Self-inductance
(C) Resistance
(D) Frequency of AC supply

22. Torsional couple required to twist a cylinder of length $\frac{L}{2}$, radius r and modulus of rigidity $\eta$ by one turn will be

(A) $\frac{2\pi^2\eta r^4}{L}$ (B) $\frac{\pi\eta r^4}{2L}$
(C) $\frac{\pi^2\eta r^4}{L}$ (D) $\frac{360\pi\eta r^4}{L}$

23. In the following circuit if between point A and B, a potential of 100 volt is established, then find value of charge of the nearest capacitor to point A.




(A) 100 μC (B) 300 μC
(C) 150 μC (D) 200 μC



Scanned with CamScanner

24. सौर प्रकाश में अधिकतम तीव्रता 470 नैमी. की तरंगदैर्ध्य में पायी जाती है । मानते हुए कि सूर्य सतह एक कृष्णिका की भांति उत्सर्जन करती है, सूर्य के ताप की गणना कीजिए ।
(वीन स्थिरांक = 0.288 सें.मी. °कै.)

(A) 8000°K(°कै.)
(B) 7000°K (°कै.)
(C) 6128°K (°कै.)
(D) 5000°K (°कै.)

25. एक पाइआन तथा एक इलेक्ट्रान के द्रव्यमानों का अनुपात है लगभग

(A) 270 (B) 50
(C) 20 (D) 5

26. अशुद्ध कथन को चिन्हित कीजिए ।

(A) अभिलाक्षणिक एक्स-किरण स्पेक्ट्रम में सतत् स्पेक्ट्रम पर तीव्र शिखर अध्यारोपित होते हैं ।
(B) निम्नतर परमाणु क्रमाँक की तुलना में उच्चतर परमाणु क्रमाँक के पदार्थों के लिए, अभिलाक्षणिक एक्स-किरण की तरंगदैर्ध्य अधिक होती है ।
(C) उच्चतर परमाणु क्रमाँक से आनेवाली एक्स किरणों की भेदन क्षमता अधिक होती है ।
(D) जब इलेक्ट्रॉन उच्चतर भीतरी कोश से निम्नतर भीतरी कोश में कूदता है, तो अभिलाक्षणिक एक्स-किरण उत्पन्न होती है ।

7. $f_1$ तथा $f_2$ फोकस दूरियों के दो पतले लेन्सों से एक अवर्णक संयोजन प्राप्त किया जाता है, जब उनके मध्य अन्तराल हो

(A) $\frac{f_1}{2}$ (B) $\frac{1}{2}(f_1 + f_2)$
(C) $\frac{f_2}{2}$ (D) $\frac{1}{2}(f_1 - f_2)$

24. The light from the sun has maximum intensity for the wavelength of 470 nm. Assuming that the surface of the sun emits as a blackbody, calculate the temperature of the sun.
(Wien's constant = 0.288 cm. °K)

(A) 8000°K
(B) 7000°K
(C) 6128°K
(D) 5000°K

25. The ratio of masses of a pion and an electron is about

(A) 270 (B) 50
(C) 20 (D) 5

26. Mark the wrong statement.

(A) The characteristic X-ray spectrum consists of sharp peaks superimposed on the continuous spectrum.
(B) The characteristic X-rays from substances of higher atomic number are of longer wavelength than those from lower atomic number.
(C) X-rays from higher atomic number are more penetrating.
(D) Characteristic X-rays are generated when an electron from a higher inner shell jumps to lower.

27. An achromatic combination of two thin lenses of focal lengths $f_1$ and $f_2$, is achieved if separation between them is equal to

(A) $\frac{f_1}{2}$ (B) $\frac{1}{2}(f_1 + f_2)$
(C) $\frac{f_2}{2}$ (D) $\frac{1}{2}(f_1 - f_2)$



Scanned with CamScanner

28. 260 हर्ज आवृत्ति का एक स्वरित्र द्विभुज एक सोनोमीटर तार के साथ कम्पित किया जाता है तथा 5 विस्पन्द सुनाई देते हैं । यदि तार के तनाव में थोड़ी वृद्धि की जाय, तो विस्पन्द आवृत्ति बढ़ जाती है । सोनोमीटर तार की प्रारम्भिक आवृत्ति है

(A) 265 हर्ज (B) 260 हर्ज
(C) 255 हर्ज (D) 250 हर्ज

9. 0.15 हे. प्रेरण तथा प्रतिरोध 15Ω की एक कुण्डली को 50 हर्ज, 220 वो. लाइन पर जोड़ा जाता है । कुण्डली में धारा का अभिकलन कीजिए ।

(A) 4.45 ऐ. (B) 4.25 ऐ.
(C) 4.00 ऐ. (D) 3.50 ऐ.

एलुमिनियम के एक घन के एक भुजा की लंम्बाई 10 सें.मी. है । घन के उपरी सतह पर 100 न्यूटन का दृढ़ बल लगाकर, निचली सतह की अपेक्षा 0.01 सें.मी. विस्थापित किया जाता है । दृढ़ता गुणांक का मान है

(A) $10^4$ न्यूटन/मी.$^2$ (B) $10^3$ न्यूटन/मी.$^2$
(C) $10^7$ न्यूटन/मी.$^2$ (D) $10^{-5}$ न्यूटन/मी.$^2$

यदि $r_0$ हाइड्रोजन परमाणु की प्रथम (n = 1) बोर कक्षा का अर्धव्यास हो, तो चतुर्थ (n = 4) कक्षा का अर्धव्यास होगा

(A) $16\,r_0$ (B) $4r_0$
(C) $\frac{1}{4}r_0$ (D) $\frac{1}{16}r_0$

एक विकृत तार की प्रति आयतन स्थितिज ऊर्जा u होती है

(A) u = प्रतिबल × विकृति
(B) $u = \frac{1}{4}$ प्रतिबल × विकृति
(C) $u = \frac{1}{2}$ प्रतिबल × विकृति
(D) $u = \frac{3}{4}$ प्रतिबल × विकृति

28. A tuning fork of frequency 260 Hz is vibrated with a sonometer wire and 5 beats are heard. If the tension in the wire is slightly increased, the beat frequency also increases. The original frequency of the sonometer is

(A) 265 Hz (B) 260 Hz
(C) 255 Hz (D) 250 Hz

29. A coil having inductance 0.15 H and resistance 15Ω is connected across a 220 V, 50 Hz line. Compute the current in the coil.

(A) 4.45 A (B) 4.25 A
(C) 4.00 A (D) 3.50 A

30. A cube of aluminium of side 10 cm is subjected to a shearing force of 100 N. The top surface of the cube is displaced by 0.01 cm with respect to bottom. The value of modulus of rigidity is

(A) $10^4$ N/m$^2$ (B) $10^3$ N/m$^2$
(C) $10^7$ N/m$^2$ (D) $10^{-5}$ N/m$^2$

31. If $r_0$ is the radius of the first (n = 1) Bohr orbit in a hydrogen atom, the radius of the fourth (n = 4) orbit is given by

(A) $16\,r_0$ (B) $4r_0$
(C) $\frac{1}{4}r_0$ (D) $\frac{1}{16}r_0$

32. Potential energy per unit volume u of a strained wire is

(A) u = stress × strain
(B) $u = \frac{1}{4}$ stress × strain
(C) $u = \frac{1}{2}$ stress × strain
(D) $u = \frac{3}{4}$ stress × strain



Scanned with CamScanner

33. दो लेंसों की विक्षेपण क्षमताओं का अनुपात 2 : 3 है। इन शीशों को उपयोग करके 20 सें.मी. फोकस दूरी का अवर्णक लेंस बनाया जाता है । लेंसों के फोकस दूरी है

(A) $f_1$ = 5 सें.मी., $f_2$ = – 10 सें.मी.
(B) $f_1$ = –10 सें.मी., $f_2$ = 10 सें.मी.
(C) $f_1$ = 6.67 सें.मी., $f_2$ = – 10 सें.मी.
(D) $f_1$ = 10 सें.मी., $f_2$ = – 10 सें.मी.

34. प्लेटों के मध्य वायु के एक संधारित्र की धारिता 8 μF है । यदि प्लेटों के मध्य एक परावैद्युत, परावैद्युतांक 6 का प्रविष्ट कराया जाय, इसकी धारिता अब होगी

(A) 48 μF (B) 40 μF
(C) 32 μF (D) 16 μF

35. एक वान डर वाल्स गैस के लिए निम्न दाब पर व्युत्क्रमण ताप होता है

(A) $\frac{27a}{bR}$ (B) $\frac{a}{8Rb}$
(C) $\frac{ab}{8R}$ (D) $\frac{2a}{Rb}$

36. परमाणु क्रमांक z = 11 के एक तत्व की $k_\alpha$ एक्स किरणरेखा की तरंगदैर्घ्य λ है । परमाणु क्रमांक z के दूसरे तत्व की $k_\alpha$ एक्स किरण रेखा की तरंगदैर्घ्य 4λ है । तब z का मान है

(A) 11 (B) 44
(C) 6 (D) 4

37. एक बर्तन में बन्द गैस के अणुओं की अधिकतम सम्भाव्य गति तथा औसत गति का अनुपात है

(A) $\frac{\sqrt{\pi}}{4}$ (B) 1
(C) $\frac{\sqrt{\pi}}{2}$ (D) $\frac{2}{\sqrt{\pi}}$

33. Two lenses have dispersive powers in ratio 2 : 3. These glasses are used to make achromatic lens of focal length 20 cm. The value of focal lengths of two lenses are

(A) $f_1$ = 5 cm, $f_2$ = – 10 cm
(B) $f_1$ = –10 cm, $f_2$ = 10 cm
(C) $f_1$ = 6.67 cm, $f_2$ = – 10 cm
(D) $f_1$ = 10 cm, $f_2$ = – 10 cm

34. A capacitor with air between its plates has a capacitance of 8 μF. Its capacitance on introducing a dielectric with dielectric constant 6 between its plates, is

(A) 48 μF (B) 40 μF
(C) 32 μF (D) 16 μF

35. For a van der Waals gas the inversion temperature at low pressure is

(A) $\frac{27a}{bR}$ (B) $\frac{a}{8Rb}$
(C) $\frac{ab}{8R}$ (D) $\frac{2a}{Rb}$

36. The wavelength of $k_\alpha$ x-ray line of an element of atomic number z = 11 is λ. The wavelength of $k_\alpha$ x-ray line of another element of atomic number z is 4λ. Then z is

(A) 11 (B) 44
(C) 6 (D) 4

37. The ratio of most probable speed and average speed of a gas enclosed in a vessel is

(A) $\frac{\sqrt{\pi}}{4}$ (B) 1
(C) $\frac{\sqrt{\pi}}{2}$ (D) $\frac{2}{\sqrt{\pi}}$


Scanned with CamScanner

38. अपवर्तनांक 1.5 की एक आयताकार ग्लास प्लेट को एक ध्रुवक के रूप में प्रयोग किया जाता है। संगत ध्रुवक कोण होगा

(A) 43.7° (B) 33.7°

(C) 56.3° (D) 23.4°

38. A rectangular glass plate of refractive index 1.5 is used as a polarizer. The corresponding polarizing angle will be

(A) 43.7° (B) 33.7°

(C) 56.3° (D) 23.4°

39. एक डायोड वाल्व में लगी ऐनोड वोल्टता यदि 48 वो. से 50 वो. की जाती है, तो ऐनोड धारा 60 मि.ऐ. से बढ़कर 70 मि.ऐ. हो जीती है । डायोड का गतिक ऐनोड प्रतिरोध क्या है ?

(A) 200 Ω (B) 180 Ω

(C) 150 Ω (D) 120 Ω

39. When the plate voltage applied to a diode valve is changed from 48 V to 50 V, the plate current increases from 60 mA to 70 mA. What is the dynamic plate resistance of the diode ?

(A) 200 Ω (B) 180 Ω

(C) 150 Ω (D) 120 Ω

40. एक गैस की श्यानता ________ के परिवहन से होती है ।

(A) संवेग

(B) ऊर्जा

(C) द्रव्यमान

(D) इनमें से कोई नहीं

40. Viscosity of a gas is due to transport of

(A) momentum

(B) energy

(C) mass

(D) none of these

41. एक कुण्डली में $3 \times 10^{-3}$ सेकण्ड में धारा जब 8 एम्पियर से परिवर्तित होकर 2 एम्पियर हो जाती है, तो कुण्डली में प्रेरित विद्युत वाहक बल 2 वोल्ट है । कुण्डली का स्वप्रेरकत्व है

(A) 1 मिली हेनरी (B) 5 मिली हेनरी

(C) 20 मिली हेनरी (D) 10 मिली हेनरी

41. When the current in a coil changes from 8A to 2A in $3 \times 10^{-3}$s, the emf induced in the coil is 2V. The self inductance of the coil is

(A) 1 mH (B) 5 mH

(C) 20 mH (D) 10 mH



Scanned with CamScanner

42. प्लांक के अनुसार आवृत्ति $\upsilon$ तथा इसके पूर्णांक गुणक के दोलकों की औसत ऊर्जा होती है

(A) kT

(B) $h\upsilon \exp\left(-\frac{h\upsilon}{kT}\right)$

(C) $\frac{h\upsilon}{\left[\exp\left(-\frac{h\upsilon}{kT}\right)+1\right]}$

(D) $\frac{h\upsilon}{\left[\exp\left(-\frac{h\upsilon}{kT}\right)-1\right]}$

43. 8 मी.मी. दूरी पर दो आवेशों 5 माइक्रो कूलाम् तथा –5 माइक्रो कूलाम द्वारा एक द्विध्रुव बना है । i) द्विध्रुव के केन्द्र से उसकी अक्ष पर 25 सें.मी. दूरी पर तथा ii) द्विध्रुव अक्ष के केन्द्र से होकर जाती हुई लम्बवत् रेखा पर केन्द्र से 20 सें.मी. दूरी पर वैद्युत क्षेत्र होगा

(A) $6 \times 10^6$ न्यूटन/कूलाम, $4.5 \times 10^4$ न्यूटन/कूलाम

(B) $4.6 \times 10^4$ न्यूटन/कूलाम, $4.5 \times 10^4$ न्यूटन/कूलाम

(C) $-4.6 \times 10^4$ न्यूटन/कूलाम, $4.5 \times 10^4$ न्यूटन/कूलाम

(D) $4.5 \times 10^4$ न्यूटन/कूलाम, $6 \times 10^6$ न्यूटन/कूलाम

44. 20 ऐ. धारा वहन करते एक लम्बे सीधे तार से 10 सें.मी. दूर एक बिन्दु पर वायु में चुम्बकीय प्रेरण का अभिकलन कीजिए ।

(A) $3 \times 10^{-5}$ टै.  (B) $4 \times 10^{-5}$ टै.

(C) $5 \times 10^{-5}$ टै.  (D) $6 \times 10^{-5}$ टै.

42. According to Planck the average energy of oscillators with frequency $\upsilon$ and its integral multiples is

(A) kT

(B) $h\upsilon \exp\left(-\frac{h\upsilon}{kT}\right)$

(C) $\frac{h\upsilon}{\left[\exp\left(-\frac{h\upsilon}{kT}\right)+1\right]}$

(D) $\frac{h\upsilon}{\left[\exp\left(-\frac{h\upsilon}{kT}\right)-1\right]}$

43. A dipole is formed by two charges of $5\mu C$ and $-5\mu C$ at a distance of 8 mm. Find electric field at i) a point 25 cm away from dipole centre at its axis and ii) a point 20 cm away on a line perpendicular to the axis and passing through its centre

(A) $6 \times 10^6$ N/C, $4.5 \times 10^4$ N/C

(B) $4.6 \times 10^4$ N/C, $4.5 \times 10^4$ N/C

(C) $-4.6 \times 10^4$ N/C, $4.5 \times 10^4$ N/C

(D) $4.5 \times 10^4$ N/C, $6 \times 10^6$ N/C

44. Compute the magnetic induction in air at a point 10 cm from a long straight wire carrying a current of 20 A.

(A) $3 \times 10^{-5}$ T  (B) $4 \times 10^{-5}$ T

(C) $5 \times 10^{-5}$ T  (D) $6 \times 10^{-5}$ T

45. लिसाजूस चित्र का आकार निर्भर करता है

(A) व्यतिकरण करने वाली तरंगों के आयाम पर

(B) व्यतिकरण करने वाली तरंगों की आवृत्ति पर

(C) व्यतिकरण करने वाली तरंगों के कालांतर पर

(D) उपरोक्त सभी

46. $\mu_o = 1.544$, $\mu_E = 1.558$ तथा $\lambda = 6500$ Å के लिए चतुर्थांश तरंग पट्टिका की मोटाई है

(A) 10.0 माइक्रो मीटर

(B) 11.6 माइक्रो मीटर

(C) 0.25 माइक्रो मीटर

(D) 0.28 माइक्रो मीटर

यहाँ संकेतों का सामान्य अर्थ है ।

47. विस्थापन धारा उत्पन्न होती है

(A) केवल धनात्मक आवेश के कारण

(B) केवल ऋणात्मक आवेश के कारण

(C) दोनों धनात्मक एवं ऋणात्मक आवेश के कारण

(D) समय के साथ बदलती विद्युत क्षेत्र के कारण

48. 100° C पर गर्म स्टील का एक खण्ड एक कमरे में ठण्डा होने के लिए छोड़ा जाता है । नीचे दिये गये वक्रों में से कौन इसके उचित व्यवहार को प्रदर्शित करता है ?




(A) A
(B) B
(C) C
(D) कोई नहीं

45. The shape of the Lissajous Figures depends on

(A) The amplitude of the superposing waves

(B) Frequencies of superposing waves

(C) The phase difference between the superposing waves

(D) All of the above

46. For $\mu_o = 1.544$, $\mu_E = 1.558$ and $\lambda = 6500$ Å, the thickness of a quarter wave plate is

(A) 10.0 μm

(B) 11.6 μm

(C) 0.25 μm

(D) 0.28 μm

Here notations carry their usual meaning.

47. The displacement current arises due to

(A) positive charges only

(B) negative charges only

(C) both positive and negative charges

(D) time varying electric field

48. A block of steel heated to 100° C is left in a room to cool. Which of the curves shown in figure, represents the correct behaviour ?




(A) A
(B) B
(C) C
(D) None



Scanned with CamScanner

49. एक असंपीड्य श्यानताहीन द्रव के धारारेखी प्रवाह का वर्णन इसके द्वारा होता है

(A) बायल नियम

(B) पाउसौली नियम

(C) आर्किमिडीज़ सिद्धान्त

(D) बरनौली सिद्धान्त

50. यंग के एक द्विस्लिट प्रयोग में, स्लिट अंतराल 0.12 मि.मी. है । प्रयुक्त प्रकाश का तरंगदैर्घ्य 5893 ऐ.° तथा व्यतिकरण चित्राम एक मीटर दूर स्क्रीन पर प्रेक्षित की जाती है। दो उत्तरोत्तर दीप्त फ्रिन्जों के मध्य अंतराल होगा

(A) 6.50 मि.मी. (B) 5.50 मि.मी.

(C) 4.91 मि.मी. (D) 4.50 मि.मी.

51. एक मोल गैस की प्रति स्वातंत्र्य कोटि माध्य गतिज ऊर्जा (गैसों की अणु गति सिद्धान्त के आधार पर) है

(A) $\frac{1}{2}KT$ (B) $\frac{3}{2}KT$

(C) $\frac{3}{2}RT$ (D) $\frac{1}{2}RT$

52. एक 200 मि.मी. लंबी पोलारीमीटर नलिका में 48 सें.मी.³ चीनी का विलयन भरा है, जब पोलारीमीटर को श्वेत प्रकाश के सामने रखा जाता है तब चीनी के घोल का प्रकाशिक घूर्णन 11° तथा विशिष्ट घूर्णन 66° है । नलिका में विलयन के रूप में प्रयुक्त चीनी की मात्रा है

(A) 5 ग्राम (B) 10 ग्राम

(C) 2 ग्राम (D) 4 ग्राम

49. The streamline flow of an incompressible and non-viscous liquid is described by

(A) Boyle's law

(B) Poiseuille's law

(C) Archimedes principle

(D) Bernoulli's principle

50. In a Young's double slit experiment the slit separation is 0.12 mm, the wavelength of light used is 5893 A° and interference pattern is observed on a screen 1m away. The separation between successive bright fringes will be

(A) 6.50 mm (B) 5.50 mm

(C) 4.91 mm (D) 4.50 mm

51. The mean Kinetic energy of one mole of gas per degree of freedom (on the basis of Kinetic theory of gases) is

(A) $\frac{1}{2}KT$ (B) $\frac{3}{2}KT$

(C) $\frac{3}{2}RT$ (D) $\frac{1}{2}RT$

52. A 200 mm long polarimeter tube containing 48 $cm^3$ of sugar solution produces an optical rotation of 11° when placed in a polarimeter and infront of white light, if the specific rotation of sugar solution is 66°. The amount of sugar contained in the tube in form of solution is

(A) 5 gm (B) 10 gm

(C) 2 gm (D) 4 gm



Scanned with CamScanner

53. एक दिये हुए पदार्थ का यंग प्रत्यास्थता गुणांक (Y) इसके दृढ़ता गुणांक (η) का 2.4 गुना है । पदार्थ के प्वाइसन अनुपात का मान है

(A) 2.4
(B) 1.2
(C) 0.4
(D) 0.2

54. क्रान्तिक कोण अधिकतम है जब प्रकाश ________ में यात्रा करती है ।

(A) पानी से हवा
(B) काँच से हवा
(C) काँच से पानी
(D) हवा से पानी

55. केन्द्रीय बल के अन्तर्गत गति में निम्न में से कौन एक भौतिक राशि संरक्षित होती हैं ?

(A) कोणीय संवेग
(B) गतिज ऊर्जा
(C) रैखिक संवेग
(D) सम्पूर्ण ऊर्जा

56. निम्न में से कौन सा परिपथ प्रतिबाधा मैचिंग हेतु प्रयुक्त होता है ?

(A) उभयनिष्ठ आधार विन्यास में ट्रांजिस्टर
(B) उभयनिष्ठ उत्सर्जक विन्यास में ट्रांजिस्टर
(C) उभयनिष्ठ संग्राहक विन्यास में ट्रांजिस्टर
(D) उत्क्रम अभिनति में जेनर डायोड

57. बुरे चालकों की ऊष्मीय चालकता का मापन किया जाता है

(A) सर्ल विधि
(B) ली डिस्क विधि
(C) कैलेण्डर एवं बार्न विधि
(D) उपरोक्त में कोई नहीं

53. For a given material the value of Young's modulus (Y) is 2.4 times of its modulus of rigidity (η), the value of Poisson's ratio of the material is

(A) 2.4
(B) 1.2
(C) 0.4
(D) 0.2

54. The critical angle is maximum when light travels from

(A) water to air
(B) glass to air
(C) glass to water
(D) air to water

55. In central force motion which one of the following physical quantity is conserved ?

(A) Angular momentum
(B) Kinetic energy
(C) Linear momentum
(D) Total energy

56. Which of the following circuit is being used in impedance matching ?

(A) transistor in common base configuration
(B) transistor in common emitter configuration
(C) transistor in common collector configuration
(D) zener diode in reverse bias

57. Thermal conductivity of bad conductors is measured by

(A) Searle's method
(B) Lee's disc method
(C) Callendar and Barne's method
(D) None of the above



Scanned with CamScanner

58. किसी पिण्ड की लम्बाई 1.526 मीटर मापी गयी है । सार्थक अंको का ध्यान रखते हुये परम त्रुटि, सापेक्ष त्रुटि एवम् प्रतिशत त्रुटि है

(A) 0.0001m, 0.000065, 0.065%

(B) 0.001m, 0.00065, 0.065%

(C) 0.001m, 0.001, 0.1%

(D) 0.0001m, 0.0001, 0.1%

59. 2 सें.मी. मोटी एक लोह प्लेट का अनुप्रस्थ काट 5000 सें.मी.$^2$ है । इसका एक पार्श्व 110°से. तथा दूसरा 100° से. पर है । यदि लोह की ऊष्मा चालकता 0.115 कै./से. सें.मी. °से. हो, तो प्लेट द्वारा ऊष्मा प्रवाह की दर है

(A) 5750 कै./से. (B) 4750 कै./से.

(C) 2875 कै./से. (D) 2375 कै./से.

60. सरल आवर्त गति करते एक कण के दोलन का विस्थापन समीकरण है

$x = 5\sin(0.2\pi t + 0.5\pi)$

कण का दोलन काल है

(A) 10.0 से. (B) 1.0 से.

(C) 0.8 से. (D) 0.5 से.

61. $l$ लम्बाई के एक धातु तार पर जब एक रैखिक भार लगाया जाता है, तो लम्बाई $\Delta l$ बढ़ जाती है । इसके आयतन में भिन्नात्मक परिवर्तन $\frac{\Delta V}{V}$ इसके समानुपातिक है

(A) $\sqrt{\frac{\Delta l}{l}}$ (B) $\left(\frac{\Delta l}{l}\right)^2$

(C) $\frac{\Delta l}{l}$ (D) $\left(\frac{\Delta l}{l}\right)^3$

58. The length of an object is measured as 1.526 m. Taking significant figures into account, the absolute error, relative error and percentage error are

(A) 0.0001m, 0.000065, 0.065%

(B) 0.001m, 0.00065, 0.065%

(C) 0.001m, 0.001, 0.1%

(D) 0.0001m, 0.0001, 0.1%

59. An iron plate 2 cm thick has a cross-section of 5000 cm$^2$. Its one side is at 110°C and the other side is at 100°C. If thermal conductivity of iron is 0.115 cal/s-cm-°C, the rate of heat flow through the plate is

(A) 5750 cal/s (B) 4750 cal/s

(C) 2875 cal/s (D) 2375 cal/s

60. The displacement equation of oscillations of a particle executing simple harmonic motion is

$x = 5\sin(0.2\pi t + 0.5\pi)$

The time period of particle is

(A) 10.0 s (B) 1.0 s

(C) 0.8 s (D) 0.5 s

61. When a linear load W is applied to a metal wire of length $l$, its length increases by $\Delta l$. The fractional change in its volume $\frac{\Delta V}{V}$ will be proportional to

(A) $\sqrt{\frac{\Delta l}{l}}$ (B) $\left(\frac{\Delta l}{l}\right)^2$

(C) $\frac{\Delta l}{l}$ (D) $\left(\frac{\Delta l}{l}\right)^3$



Scanned with CamScanner

62. व्हीटस्टोन सेतु की सुग्राह्यता अधिकतम है जब

(A) $\frac{P}{Q} = \frac{R}{X}$

(B) $P = Q, R = X$

(C) $P = Q = R = X$

(D) इनमें से कोई नहीं

63. एक रूबी लेसर में ऊर्जा स्तरों के मध्य जनसंख्या प्रतिलोमन प्राप्त किया जाता है इसके द्वारा

(A) ताप में वृद्धि

(B) ताप में कमी

(C) प्रकाशिक पम्पिंग

(D) निर्वात पम्पिंग

64. अशुद्ध कथन बताइए ।

(A) रेडियोसक्रियता के कारण कई भौमीय तथा जैवीय प्रतिरूपों की आयु निर्धारित की जा सकती है ।

(B) रेडियोकार्बन बीटा-सक्रिय समस्थानिक कार्बन $^{14}_{6}C$ होता है ।

(C) जीवित पादप एवम् जन्तुओं में रेडियोकार्बन तथा सामान्य कार्बन का अनुपात भिन्न-भिन्न होता है ।

(D) कास्मिक किरणें उच्च ऊर्जा परमाणु नाभिक विशेषकर प्रोटॉन होती हैं ।

65. R त्रिज्या के एक ठोस गोले, जिसका एकसमान आवेश घनत्व e है, के केंद्र तथा बाहरी सतह का विभवान्तर है

(A) $\frac{eR^2}{3\epsilon_0}$ (B) $\frac{eR^2}{6\epsilon_0}$

(C) $\frac{eR^2}{2\epsilon_0}$ (D) शून्य

62. The sensitivity of a Wheatstone bridge is maximum when

(A) $\frac{P}{Q} = \frac{R}{X}$

(B) $P = Q, R = X$

(C) $P = Q = R = X$

(D) None of these

63. The population inversion between energy states in a Ruby laser is achieved through

(A) raising of temperature

(B) lowering of temperature

(C) optical pumping

(D) vacuum pumping

64. Identify the incorrect statement.

(A) Radioactivity makes it possible to establish the age of many geological and biological specimens.

(B) Radiocarbon is the beta-active carbon isotope $^{14}_{6}C$.

(C) Living plants and animals have different ratio of radiocarbon to ordinary carbon.

(D) Cosmic rays are high energy atomic nuclei chiefly protons.

65. What is the potential difference between the centre and the surface of a sphere of radius R with uniform charge density e within it ?

(A) $\frac{eR^2}{3\epsilon_0}$ (B) $\frac{eR^2}{6\epsilon_0}$

(C) $\frac{eR^2}{2\epsilon_0}$ (D) zero



Scanned with CamScanner

66. प्रत्यावर्ती परिपथ में धारा वाटहीन है यदि धारा तथा वोल्टेज में कलान्तर है

(A) शून्य (B) $\frac{\pi}{4}$

(C) $\frac{\pi}{2}$ (D) $\pi$

67. एक तार में 20 $\mu$A की धारा 30 सेकेन्ड़ तक प्रवाहित हो रही है । तार से स्थानांतरित इलेक्ट्रानों की संख्या है

(A) $375 \times 10^{13}$ (B) $375 \times 10^{15}$

(C) $375 \times 10^{16}$ (D) $375 \times 10^{17}$

68. v वेग से स्वतंत्रत: गतिशील द्रव्यमान M का एक पिंड विस्फोटित होता है तथा एक समान तीन खण्डों में विभक्त हो जाता है । विस्फोट के तुरन्त बाद दो खण्ड विरामावस्था प्राप्त कर लेते हैं परन्तु तृतीय खण्ड गतिमान रहता है । इस खण्ड की गतिज ऊर्जा क्या होगी ?

